Saturdays. In addition, devotional songs in Sanskrit are included in the Vandana programme;

(c) Does not arise.

**गांधी शताब्दी समारोह के सम्बन्ध में पुस्तकें**

4683. **श्री यमुना प्रसाद मण्डल :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1969 में गांधी शताब्दि समारोह के सम्बन्ध में उनके मंत्रालय का विचार कितनी पुस्तकें प्रकाशित करने का है; और

(ख) ये पुस्तकें कब तक प्रकाशित हो जायेंगी ?

**सूचना तथा प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह)** : (क) 19 शीर्षकों के अन्तर्गत विभिन्न भाषाओं में 58 पुस्तकें।

(ख) दस पहले ही प्रकाशित की जा चुकी हैं, सात और की 2 अक्तूबर, 1968 तक प्रकाशित हो जाने की संभावना है और शेष प्रकाशन शताब्दी वर्ष के दौरान तैयार हो जायेंगी।

**आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से गांधी शताब्दी समारोह के लिये कार्यक्रम**

4684. **श्री यमुना प्रसाद मंडल :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गांधी शताब्दी समारोह के अवसर पर 1969 में आकाशवानी के दरभंगा केन्द्र से विशेषकर सीमावर्ती क्षेत्रों के लिये प्रसारित किये जाने वाले कार्यक्रमों का ब्यौर क्या है;

(ख) ऐसे दूरस्थ क्षेत्रों के नाम क्या-क्या हैं जहां दरभंगा केन्द्र की मंडलियों ने प्रचार कार्य किया है, कर रही हैं करेंगी तथा क्या उनके लिये कोई निश्चित कार्यक्रम तैयार किया गया है तथा वहां से कितने मैथिली कार्यक्रम प्रसारित किये जाते हैं; और

(ग) क्या दरभंगा केन्द्र से सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए विशेष प्रकार कार्य करने के लिये संसद सदस्यों की एक छोटी अनौपचारिक सलाहकार समिति बनाने का सरकार का विचार है ?

**सूचना तथा प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह)** : (क) आकाशवाणी का दरभंगा में इस समय कोई केन्द्र नहीं है और इसके 1969 तक स्थापित होने की संभावना नहीं है।

(ख) और (ग). इस अवस्था में सवाल नहीं उठता, परन्तु इस पर केन्द्र के स्थापित होने के बाद विचार किया जाएगा।

**नाटक मंडली द्वारा नाटक खेलना**

4685. **श्री यमुना प्रसाद मंडल :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश और बिहार के लिए चुनी गयी नाटक मंडली ने 1967-68 में कितने नाटक खेले, किन-किन जिलों में तथा किस-किस तारीख को खेले ?

**सूचना तथा प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह)** : 1967-68 में गीत तथा नाटक प्रभाग की विभागीय नाटक मंडली ने उत्तर प्रदेश और बिहार के लिये 103 कार्यक्रम दिये। एक विवरण जिसमें ब्यौरा दिया हुआ है सदन की मेज पर रख दिया गया है [**पुस्तकालय में रख दिया गया। देखिये संख्या** LT—1804/68]।

**हिन्दी आशुलिपिक**

4687. **श्री राम स्वरूप विद्यार्थी :** क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मंत्रालय में हिन्दी आशुलिपिकों के कितने पद हैं;

(ख) गृह-कार्य मंत्रालय के आदेशानुसार अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के लिए कितने पद आरक्षित हैं ;

(ग) क्या उपरोक्त जातियों तथा आदिम जातियों के व्यक्ति सभी आरक्षित पदों पर काम कर रहे हैं; और